मोबाइल दुकान में चोरी का खुलासा, मोबाइल, ब्लूटूथ, चार्जर व चाकू के साथ दो गिरफ्तार

बांसी (सिद्धार्थनगर)। शिवनगर डिंडई थाना क्षेत्र के बरहरपुर गांव में मोबाइल दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी कार्यालय परिसर में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद और क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह ने पत्रकार वार्ता कर घटना के अनावरण की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच मोबाइल, 10 चार्जर, 25 ब्लूटूथ, चार ईयरफोन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान और एक अवैध चाकू बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 15 अक्टूबर की रात बरहरपुर गांव में मोबाइल दुकान से इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी हुआ था। घटना के खुलासे के लिए थाना शिवनगर डिंडई पुलिस, एंटी थेफ्ट टीम और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। 16 अक्टूबर की रात तेनुई पुलिया के पास मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दीपक पुत्र टिहुल और आकाश पुत्र टिहुल निवासी भैंसहिया, थाना शिवनगर डिंडई को गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी में दीपक के पास से चार मोबाइल, हेक्सा ब्लेड और कैंची, जबकि आकाश के पास से चार्जर, डाटा केबल, ब्लूटूथ, ईयरफोन, मोबाइल कवर, फ्लिप कवर और एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बरहरपुर में चोरी की घटना में शामिल होने की बात बताई। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 भी बढ़ाई गई। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों को 17 अक्टूबर को न्यायालय भेज दिया गया। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी अन्य थानों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक, दीपक के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत पांच मुकदमे दर्ज हैं। इनमें वर्ष 2021 में मिश्रौलिया और पथरा बाजार थानों में तथा वर्ष 2024 और 2025 में पथरा बाजार व शिवनगर डिडई थानों में मामले दर्ज हुए हैं। वहीं आकाश के विरुद्ध बांसी, जोगिया उदयपुर और पथरा बाजार थानों में आर्म्स एक्ट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट, आबकारी अधिनियम तथा एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में छह मुकदमे दर्ज बताए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश व अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में की गई कार्यवाई टीम में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह, एंटी थेफ्ट टीम प्रभारी ओमप्रकाश मिश्र, सर्विलांस प्रभारी शशिकांत सहित अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल रहे।

मध्यस्थता अभियान 3.0 के तहत पहल से फिर एक जोड़ा साथ रहने को तैयार

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। आपसी मनमुटाव के कारण लंबे समय से अलग रह रहे एक दंपती ने मध्यस्थता के जरिए पुराने गिले शिकवे भुलाकर फिर साथ रहने का फैसला किया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर की पहल पर मध्यस्थ अधिवक्ता सुशील चन्द्र शुक्ल ने दोनों पक्षों के बीच सुलह वार्ता कराई। इसके बाद पति-पत्नी साथ रहने के लिए राजी हो गए। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के शैलेंद्र नाथ के अनुसार जनपद में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 3.0 चलाया जा रहा है। यह अभियान 01 अगस्त 2026 से शुरू है और 31 दिसंबर 2026 तक संचालित होगा।अभियान के इसी कड़ी में रीना पत्नी आकाश कुमार विश्वकर्मा, निवासी बडगो बनकसिया,भडेहर ग्रांट, थाना चिल्हिया, जनपद सिद्धार्थनगर ने वाद दाखिल किया था। इस पर सचिव ने मध्यस्थ अधिवक्ता सुशील चन्द्र शुक्ल को सुलह-समझौते की जिम्मेदारी सौंपी। मध्यस्थता के दौरान दोनों पक्षों के बीच प्रभावी और सौहार्दपूर्ण बातचीत कराई गई। इसके बाद दोनों ने आपसी सहमति और स्वविवेक से साथ रहने का निर्णय लिया।यह जानकारी प्राधिकरण के सचिव श्री नाथ ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, (नालसा) एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के तत्वाधान में सम्पूर्ण राष्ट्र में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 का शुभारम्भ किया गया है। उक्त अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम में न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाना है। उक्त अभियान में वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, सम्पत्ति के बंटवारे से सम्बन्धित मामले, बेदखली से सम्बन्धित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले व अन्य उपयुक्त दीवानी मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चौक बाउन्स के मामले, एवं आपराधिक मामले आदि का निस्तारण कराया जा सकता है।

रामलीला मेले के आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

सिद्धार्थनगर। शिव मंदिर, नौगढ़ के प्रांगण में नौगढ़ के ऐतिहासिक रामलीला मेले के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव द्वारा की गई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नौगढ़ नगर अध्यक्ष सतीश रस्तोगी जी, चंद्रप्रकाश उर्फ (सोनू) कसौधन, सभासद केदारनाथ जायसवाल, संतोष चौधरी, नवनिर्वाचित सभासद राजेश जायसवाल, महेश कुमार आदि नगर वासियों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

शाही परंपरा का परंपरागत तरीके से किया निर्वहन

बांसी (सिद्धार्थनगर)। शारदीय नवरात्र की सप्तमी पर माता देवी भवानी को पुश्तैनी माली के घर से राजमहल लाकर प्राचीन मंदिर में स्थापित करने की पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा आज भी श्रद्धा और राजसी ठाठ-बाट के साथ निभाई जाती है। इस परंपरा में धार्मिक आस्था के साथ पूर्वजों की विरासत, पारिवारिक संस्कार और बांसी के इतिहास की झलक भी दिखाई देती है।बांसी राजघराने की यह सदियों पुरानी परंपरा है। शारदीय नवरात्र के सप्तमी को बांसी नरेश राजसी ठाठ बाट के साथ आते हैं और माता देवी भवानी को माली के घर से श्रद्धा पूर्वक राजमहल ले जाते हैं। शनिवार को बांसी राजघराने के कुंवर अभय प्रताप सिंह ने यह सदियों पुरानी प्राचीन शाही परंपरा का निर्वहन परंपरागत तरीके से किया। हाथों में नंगी तलवार लिए वह राप्ती नदी पुल पर नंगे पांव खड़े होकर माता देवी भवानी का इंतजार कर रहे थे और उधर विशंभर माली के साथ राजसी सेना लाव लश्कर के साथ माली के घर से पुरानी कचहरी होते हुए राप्ती पुल पर देवी भवानी माता को लेकर पहुंचे जहां माता की अगवानी कर माली के साथ नंगे पांव पैदल चलते हुए राजमहल गए। राजमहल पहुंचकर माताजी को प्राचीन देवी मंदिर में स्थापित किया गया। इस दौरान राजमहल में खुशी और उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर पंडित ईश्वर चंद्र, योगेंद्र मिश्र , राघवेंद्र प्रताप सिंह नन्हे, अरविंद सिंह, निखिल प्रताप सिंह, प्रभाष्कर राय, मनोज कुमार मौर्य,उद्धव प्रताप सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित थे साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के लिए सी ओ सुबेंदु सिंह, कोतवाल महेन्द्र प्रताप चतुर्वेदी अपने विभागीय सहयोगियों के साथ उपस्थित रहे।

मेगा,बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन एक नवम्बर को

सिद्धार्थनगर।लोहिया कला भवन में 01 नवंबर को आयोजित होगा विशाल मेगा,बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर-आम जनता को मिलेगा योजनाओं और विधिक सहायता का सीधा लाभ। आगामी 01 नवंबर (रविवार) को समय प्रात: 09:00 बजे से जनपद स्तर पर मेगा,बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता, विशेषकर निर्बल, निर्धन, दिव्यांग, महिलाओं, बच्चों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना है।

शिविर की मुख्य विशेषताएं एवं सुविधाएं है विभिन्न सरकारी विभागों के स्टॉल-शिविर में समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, श्रम, स्वास्थ्य, कृषि, दिव्यांग सशक्तिकरण, पंचायती राज, राजस्व, शिक्षा, पुलिस, बैंक ऋण योजनाएं एवं अन्य प्रमुख शासकीय विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे।.



जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ-आयुष्मान,आरोग्य कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धावस्था, निराश्रित महिला, दिव्यांगजन पेंशन, कृषक दुर्घटना बीमा एवं श्रमिक पंजीकरण आदि के आवेदन और औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी।. नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण- शिविर में विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य जांच, नेत्र, दांत व सामान्य चिकित्सीय जांच तथा ब्लड ग्रुप टेस्ट की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध रहेगी।. उपकरण व राहत सामग्री का वितरण-चिन्हित लाभार्थियों को आवश्यक उपकरण और योजनाओं से संबंधित लाभ पत्र,सामग्री का वितरण किया जाएगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र नाथ द्वारा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समस्त जनपदवासियों, जन प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और समाज सेवियों से अपील करता है कि 01 नवंबर को लोहिया कला भवन सिद्धार्थनगर में आयोजित होने वाले इस मेगा शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विभिन्न योजनाओं और मुफ्त विधिक सहायता का लाभ उठाएं।

220 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

संतकबीरनगर। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली खलीलाबाद पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 220 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शराब के साथ 115 पेटी सेब, दो मोबाइल फोन, 800 रुपये नकद और तस्करी में प्रयुक्त डीसीएम ट्रक भी बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पांडेय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश दुबे और एसओजी प्रभारी उपनिरीक्षक रजनीश राय की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। टीम ने डीघा बाईपास के पास अंजान शहीद बाबा की मजार के निकट मगहर हाईवे पर चेकिंग के दौरान डीसीएम ट्रक संख्या क्क62ष्टज्ञ5414 को रोककर तलाशी ली। इस दौरान उत्तराखंड निर्मित 220 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आकाश कुमार जाटव पुत्र नाहर सिंह जाटव निवासी कसेरी मिलट, रामनगर, थाना गंगीरी, जनपद अलीगढ़ तथा अनुप चौहान पुत्र कोमल निवासी नुनिया टोला, हरनाटार, थाना दरौली, जनपद सिवान, बिहार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि बरामद 220 पेटियों में कुल 4,608 बोतल अंग्रेजी शराब थी, जिसकी मात्रा लगभग 1,964.88 लीटर है। इसके अतिरिक्त 115 पेटी सेब बरामद हुए, जिनका कुल वजन लगभग 1,035 किलोग्राम बताया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन और 800 रुपये नकद भी बरामद किए हैं।अवैध अंग्रेजी शराब की इतनी बड़ी खेप को पकड़ने वाले कोतवाली निरीक्षक जय प्रकाश दूबे एवं एसओजी प्रभारी रजनीश राय की संयुक्त टीम के एसआई विनोद कुमार यादव, एसआई धर्मनाथ यादव,हेड कांस्टेबल कर्मचंद चौधरी,अनिल कुमार, धनन्जय श्रीवास्तव, विवेक राय,प्रदीप पटेल, कृष्ण नारायण गौड़,दीपक सिंह आदि को पच्चीस हजार रूपए पुरस्कार देने की घोषणा किया है।

पूछताछ में आरोपी आकाश कुमार जाटव ने बताया कि 13 अक्टूबर को उसके मोबाइल पर फोन कर खुद को यादव जी बताने वाले व्यक्ति ने हरियाणा से सेब और शराब लदी डीसीएम सिलीगुड़ी पहुंचाने के लिए 21 हजार रुपये किराया देने की बात कही थी। 14 अक्टूबर को शाहाबाद, हरियाणा पहुंचने पर उसे रास्ते के खर्च के लिए पांच हजार रुपये दिए गए तथा शेष रकम माल पहुंचने पर देने की बात कही गई। आकाश के बताया कि 15 अक्टूबर को पीलीभीत के पास एक लाइन होटल पर गाड़ी खड़ी करने के बाद अनुप चौहान उसके साथ सिलीगुड़ी जाने के लिए पहुंचा। अनुप ने बताया कि बुलट यादव नामक व्यक्ति ने उसे फोन कर डीसीएम सिलीगुड़ी पहुंचाने के बदले 18 हजार रुपये देने का प्रस्ताव दिया था।

नवरात्रि पर्व पर दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर की पूजा अर्चना

बढ़नी/ सिद्धार्थनगर।स्थानीय उपनगर बढ़नी में शारदीय नवरात्रि पर्व पर आदिशक्ति मां दुर्गा जी की प्रतिमा देखने व दर्शन कर अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए श्राद्धालुओ की भीड़ देखने को मिल रहा है।

बताया जाता है कि स्थानीय उपनगर बढ़नी भारत नेपाल सीमा से सटे होने के कारण यहां पर मां दुर्गा की प्रतिमा व सजावट देखने के लिए भक्तों की भीड़ देखने को मिल रहा है। स्टेशन रोड पर श्री श्री आदि शक्ति नव दुर्गा पूजा समिति के मिथुन अग्रहरि ने बताया कि वृहस्पतिवार से मां दुर्गा जी की दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ दिख रहा है वैसे नगर के डाकखाना मार्ग, चट्टी बाजार,मेनरोड गोलाबाजार, डिहवा,बस स्टाप आदि वार्ड मुहल्लों में समितियों द्वारा पांडालों में मां दुर्गा की प्रतिमातिओ स्थापित कर पूजा पाठ होने से समूचा क्षेत्र दुर्गामय हो गया है शुक्रवार को बढ़नी के समय माता स्थान पर दर्शन करने वाले भक्तों की काफी भीड़ दिखाई पडी।



बताया जाता है कि नेपाल के कृष्णानगर नगर पालिका क्षेत्र में नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्रामीण क्षेत्र से लेकर कृष्णानगर के विभिन्न मुहल्लों में मां दुर्गा की प्रतिमातिओ को स्थापित कर पूजा पाठ करने व अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए भक्तों द्वारा भीड़ होने खबर है।इस प्रकार बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत कल्यान नगर,,ढेकहरी बुजुर्ग सहित अनेको ग्राम पंचायत में मां दुर्गा जी की प्रतिमाओ को पांडालों में स्थापित कर पूजा पाठ का कार्यक्रम शुरू होने से क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।

उसका बाजार सिद्धार्थनगर प्रतिनिधि के अनुसार शारदीय नवरात्र के पर्व पर कस्बा के दुर्गा पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का श्रद्धालुओ ने पूजा अर्चना किया गया । शाम के समय कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओ ने विभिन्न दुर्गा पंडालों में जाकर माता का दर्शन और पूजन किया। साथ ही इस अवसर पर सभी ने परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। पंडालों में माता की आकर्षक प्रतिमा के दर्शन के लिए काफी भीड़ उमड़ी। कस्बा के रानीगंज मोगलहा, गांधी चबूतरा मैदान आद्या प्रसाद नगर,बांका के घर के पास स्थित शिव मंदिर , परती , तेतरी चौराहा, उसका राजा, परसा लाला , महुआ सहित विभिन्न वार्डों व मोहल्लों में प्रतिमाएं स्थापित हैं। सभी जगह विधि विधान से पूजा अर्चना किया जा रहा हैं पूजा के अंत में आरती और प्रसाद वितरण की व्यवस्था है। कई स्थानों पर देर रात तक भगवती जागरण का आयोजन भी हुआ, जिसका श्रद्धालुओं ने आनंद उठाया। श्री श्री महा दुर्गा पूजा समिति रानीगंज मोगलगा द्वारा बहुत ही आकर्षक प्रतिमा की स्थापना की गई है। यहा पर सुनील जायसवाल, कल्लू पासवान, अयोध्या शाहू, मनीष , विकास मोदनवाल, जितेंद्र आदि भक्तो ने माता का दर्शन पूजन किया है।

विशेष बूथ दिवस २४ को

सिद्धार्थनगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष बूथ दिवस दिनांक 17 अक्टूबर एवं 24 अक्टूबर को आयोजित किये जाने का निर्देश दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट



शिवशरणप्पा जीएन द्वारा पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के साथ कम्पोजिट विद्यालय, सोनखर के बूथ संख्या-112, 113, एवं 114 का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश किया कि विशेष बूथ अभियान के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने, अपात्र प्रविष्टियों के नियमानुसार निराकरण तथा नाम, पता एवं अन्य विवरणों में संशोधन से संबंधित प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को निर्देश दिए कि अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप पूरी जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें। साथ ही, मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष बूथ अभियान निर्वाचन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें।

दुर्गा पंडालों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

सोहास बाजार सिद्धार्थनगर। शारदीय नवरात्र के पर्व पर क्षेत्र में स्थित दुर्गा पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का भारी संख्या में श्रद्धालुओ द्वारा पूजा अर्चना किया जा रहा है। शाम के समय



सोहास और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलायें,बच्चे और पुरुष श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न दुर्गा पंडालों में जाकर माता का दर्शन और पूजन किया जा रहा है। साथ ही इस अवसर पर सभी ने परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। पंडालों में माता की आकर्षक प्रतिमा के दर्शन के लिए काफी भीड़ उमड़ रही है। सोहास क्षेत्र के सोहास चौराहे,ऊँचहरिया बसावनपुर ,उसका बाजार के मेंहदिया, पोखरवा,सब्जी मंडी,रानीगंज मोगलहा, गांधी चबूतरा मैदान आद्या प्रसाद नगर,बांका के घर के पास स्थित शिव मंदिर , परती , तेतरी चौराहा, उसका राजा, परसा लाला , महुआ सहित विभिन्न वार्डों व मोहल्लों में प्रतिमाएं स्थापित हैं।

सभी जगह विधि विधान से पूजा अर्चना किया जा रहा हैं पूजा के अंत में आरती और प्रसाद वितरण की व्यवस्था है। कई स्थानों पर देर रात तक भगवती जागरण का आयोजन भी हो रहा है।शनिवार को गयादीन साहू, ममता ,सुनील,बाबूराम,शिमला, प्रीती,तनु, रिम्पी ,राज,रिशु,शिव कुमार, आलोक,अंकित आदि लोगों ने पूजा अर्चना किया।

809 ग्राम डोडा के साथ दो लोग गिरफ्तार

बढ़नी सिद्धार्थनगर। भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के बीच एसएसबी ने बढ़नी की बीआईटी चेकपोस्ट पर दो व्यक्तियों के पास से 809 ग्राम संदिग्ध नशीला पदार्थ (डोडा) बरामद किया। दोनों को स्थानीय ढेबरुआ थाने की पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। हालांकि, बरामद पदार्थ को नेपाल ले जाने की योजना थी या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 16 अक्टूबर को सुबह करीब 11÷30 बजे सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 50वीं वाहिनी बलरामपुर के अंतर्गत जी समवाय बढ़नी की बीआईटी चेकपोस्ट पर जांच के दौरान दोनों व्यक्ति पकड़े गए। तलाशी में उनके पास पॉलीथिन में रखा 809 ग्राम डोडा बरामद हुआ।

पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान हिमाचल प्रदेश के नालागढ़ जिले के साईं क्षेत्र के खरीना निवासी राजेंद्र कुमार (43) पुत्र बेल बहादुर और पंजाब के संगरूर जिले के धूरी थाना क्षेत्र के भीभसा निवासी गुरजत सिंह (48) पुत्र बलदेव सिंह के रूप में हुई है।

भारत-नेपाल सीमा खुली होने के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों में सामान और लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में मादक पदार्थों की अवैध आवाजाही रोकना सुरक्षा एजेंसियों के लिए चुनौतीपूर्ण है। हालांकि, इस मामले में दोनों व्यक्तियों का नेपाल से कोई तस्करी संबंध सामने आया है या नहीं, यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

एसएसबी ने दोनों व्यक्तियों और बरामद पदार्थ को ढेबरुआ पुलिस को सौंप दिया है। अब मामले में बरामद पदार्थ की प्रकृति, उसके स्रोत और संभावित गंतव्य से जुड़े तथ्यों की जांच महत्वपूर्ण होगी बताया जाता है कि एक आदमी वस का ड्राइवर था इसलिए प्राइवेट वसभी देवरुआ थाने पर पहुंचायी गयी थी।

दस दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

संत कबीर नगर। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत दर्जी ट्रेड में चयनित प्रशिक्षणार्थियों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला उपायुक्त उद्योग श्री विनोद वर्मा जी द्वारा मंगलम मैरिज हॉल डिघा बाईपास खलीलाबाद में मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्जवलन कर प्रारम्भ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षणदायी संस्था मंडलीय खादी ग्रामोद्योग केंद्र बस्ती द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला प्रयुक्त उद्योग श्री विनोद वर्मा जी ने लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से अपने कौशल को विकसित कर स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़े तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत सुविधाओं का अधिकाधिक लाभ उठाये। यह योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अन्तर्गत लाभार्थियों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण, प्रमाण-पत्र, मानदेय एवं नि:शुल्क उन्नत टूलकिट प्रदान किये जाते है। लाभार्थियों को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकार एवं पारम्परिक कारीगरों (11 ट्रेड) यथा बढ़ई, कुम्हार, लोहार, नाई, राजमिस्त्री, सुनार, टोकरी बुनकर, हलवाई, मोची, धोबी ट्रेड के अलावा नये परम्परागत ट्रेड (05 ट्रेड) मूर्तिकार, मालाकार, दूधवाला, भरभूजा, मछुआरा) के साथ-साथ आधुनिक ट्रेड (09 ट्रेड) मोबाईल मरम्मत, ऑटोमोबाइल मरम्मत, इलेक्ट्रॉनिक सामानों की मरम्मत, विद्युत सामानों की मरम्मत, प्लम्बर, कम्प्यूटर मरम्मत, सोलर इंस्टालेशन, डिजिटल फोटोग्राफी, सौन्दर्य एवं वेलनेस को सम्मिलित किया गया है।

दुर्गा आरती के दौरान हंगामा

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेलवानिया में मां दुर्गा की आरती के दौरान विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। जहां विकास चौरसिया ने गांव के ही सर्वन शर्मा पर मंदिर परिसर में गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और नुकीले हथियार से सिर पर हमला करने का आरोप लगाया है। विकाश चौरसिया ने कोतवाली खलीलाबाद में प्रार्थना पत्र देकर प्राथमिकी दर्ज करने और उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

विकास चौरसिया ने आरोप लगाया है की उनके गांव में मां काली जी के स्थान पर मां दुर्गा की स्थापना कर नौ दिनों तक पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन किया गया था। आरोप है कि 16 अक्टूबर 2026 की रात करीब 8÷30 बजे वह अस्पताल से अपनी पत्नी की दवा लेकर घर लौटे और इसके बाद मां दुर्गा की आरती करवा रहे थे। इसी दौरान गांव का सर्वन शर्मा वहां पहुंचा और कथित तौर पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगा।प्रार्थना पत्र में विकास चौरसिया ने आरोप लगाया है कि जब उन्होंने गाली-गलौज करने से मना किया तो आरोपी उनके साथ धक्का-मुक्की करने लगा। विरोध के दौरान आरोपी ने नुकीले हथियार से उनके सिर पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं।

पीड़ित ने पुलिस से मामले में तत्काल संज्ञान लेकर प्राथमिकी दर्ज करने, निष्पक्ष जांच कराने और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध भी किया है। धार्मिक आयोजन के दौरान हुई इस घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा है। हालांकि, मामले में पुलिस की आधिकारिक प्रतिक्रिया, मेडिकल रिपोर्ट और प्राथमिकी दर्ज होने की स्थिति की पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। पुलिस की जांच के बाद ही घटना से जुड़े सभी तथ्यों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान सुनी गई फरियादियों की शिकायतें

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना व उप जिलाधिकारी खलीलाबाद हृदय राम तिवारी की उपस्थिति में खलीलाबाद तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन सामान्य की शिकायतों की सुनवाई करते हुए मौके पर निस्तारण योग्य प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों के माध्यम से निस्तारित कराया गया तथा शेष प्रकरणों को नियमानुसार निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उप जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।खलीलाबाद तहसील में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 79 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से उप जिलाधिकारी द्वारा 07 प्रार्थना पत्रों का संबंधित राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभागीय अधिकारियों से प्रकरण की विस्तृत जानकारी लेते हुए तत्काल निस्तारित करवाया गया। 07 प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण कर नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी/कर्मचारी की टीम भेजने हेतु निर्देशित किया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए तत्काल कार्यवाही कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गए।

कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा किया गया। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीड़ित पक्ष को त्वरित न्याय मिल सके।

इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पांडेय, तहसीलदार खलीलाबाद अनुराग यादव सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग से सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।इसी क्रम में मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह उपस्थित रहे।

अपर जिलाधिकारी द्वारा राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित विभिन्न मामलों को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मामलों के निस्तारण में आवश्यकतानुसार स्थलीय जांच की जाए तथा दोनों पक्षों की पूरी बात को गम्भीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित की जाए।

तहसील मेंहदावल में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 24 प्रार्थना पत्र आये जिसमें से अपर जिलाधिकारी द्वारा मौके पर 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करवाते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को हस्थातंरित करते हुए अबिलम्ब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया। अपर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार 04 प्रार्थना पत्रों के सापेक्ष प्रकरणों में मौके का स्थलीय निरीक्षण कर नियमानुसार निस्तारण करने हेतु टीम भेजी गई। इस अवसर पर तहसीलदार अल्पिका वर्मा सहित तहसील से सम्बन्धित अधिकारी, राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

तहसील धनघटा में कुल 52 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 23 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को हस्थातंरित करते हुए निर्धारित

समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी धनघटा वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, तहसीलदार प्रतिमा मौर्य, राजस्व निरीक्षक सहित तहसील के राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

जिला जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 100 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

संतकबीरनगर। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को मा. कांशीराम स्पोर्ट्स स्टेडियम में द्वितीय जिला ओपन स्कूल/क्लब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों, क्लबों और खेल संस्थानों से जुड़े लगभग 100 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी और जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जगत जायसवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल से युवाओं का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। साथ ही उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संघर्ष करने की भावना विकसित होती है। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अनूप और महिला वर्ग में रोशनी ने अपने प्रदर्शन से विशेष पहचान बनाई।

विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में स्टेडियम के खेल प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। खेलो इंडिया कोच एवं एथलेटिक्स प्रशिक्षक मनोज यादव, हैंडबॉल प्रशिक्षक विमलेश ध्रुव, क्रिकेट कोच प्रिंस मिश्रा तथा बास्केटबॉल प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों के मार्गदर्शन और प्रतियोगिता के सुचारु संचालन में सहयोग किया। प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ अपने कौशल को निखारने का संदेश दिया।

जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जगत जायसवाल एवं सचिव रमेश प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता में एसोसिएशन के पदाधिकारियों, निर्णायकों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों का सहयोग रहा। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले की उभरती खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उन्हें जिला, मंडल, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना था। एसोसिएशन ने भविष्य में भी जिले में खेल संस्कृति को मजबूत बनाने और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता जताई।